कौटिल्य एकेडमी

www.kautilyaacademy.com IAS.IPS.MPPSC.CJ-II

/kautilyaacademy

# डेली करंट अफेयर्स

## 02 May 2024




www.kautilyaacademy.com

# अंतर्राष्ट्रीय श्रमिक दिवस :

- हर साल **1 मई को अंतरराष्ट्रीय लेबर डे** मनाया जाता है। इस दिन को कई जगहों पर पब्लिक हॉली डे की तरह भी मनाया जाता है।




- इस दिन को मनाने के पीछे एक बेहद खास मकसद है और हर साल इसी बात को ध्यान में रखते हुए इस दिन की थीम चुनी जाती है।
- **थीम :** जलवायु परिवर्तन के बीच कार्यस्थल सुरक्षा और स्वास्थ्य सुनिश्चित करना है।

For Notes and Video Lecture Download
Kautilya Academy App Google Play

# अंतर्राष्ट्रीय श्रम दिवस का इतिहास :

- **वर्ष 1889** में समाजवादी समूहों और ट्रेड यूनियनों के एक अंतर्राष्ट्रीय महासंघ ने शिकागो में हुई हे **मार्केट (Haymarket, 1886)** घटना को याद करते हुए श्रमिकों के समर्थन में 1 मई को 'मई दिवस' के रूप में नामित किया था।
- **अमेरिका ने वर्ष 1894** में **श्रमिक दिवस** को एक अवकाश के रूप में मान्यता दी, जहाँ यह प्रत्येक वर्ष सितंबर के पहले सोमवार को मनाया जाता है। जल्द ही, कनाडा ने भी इस प्रथा को अपना लिया।

For Notes and Video Lecture Download
Kautilya Academy App

- **वर्ष 1889** में समाजवादी और श्रमिक दलों द्वारा बनाई गई संस्था सेकंड इंटरनेशनल (Second International) ने घोषणा की कि अब से 1 मई को अंतर्राष्ट्रीय श्रमिक दिवस के रूप में मनाया जाएगा।
- **वर्ष 1904** में, एम्स्टर्डम (Amsterdam) में इंटरनेशनल सोशलिस्ट कॉन्ग्रेस (International Socialist Congress) ने सभी सोशल डेमोक्रेटिक संगठनों और सभी देशों की ट्रेड यूनियनों को एक दिन में कार्य के 8 घंटे की प्रथा की कानूनी स्थापना के लिये एक मई को उत्साहपूर्वक प्रदर्शन करने का आह्वान किया।
- **वर्ष 1916** में अमेरिका ने वर्षों के विरोध और संघर्ष के पश्चात् आठ घंटे के कार्य समय को आधिकारिक पहचान देना शुरू किया।

For Notes and Video Lecture Download
Kautilya Academy App GET IT ON Google Play

# भारत के संदर्भ में :

- भारत में **मज़दूर दिवस पहली बार चेन्नई (तत्कालीन मद्रास) में 1 मई, 1923** को आयोजित गया था। यह पहल सर्वप्रथम लेबर किसान पार्टी के प्रमुख सिंगारवेलर द्वारा की गई थी।
- **लेबर किसान पार्टी** के प्रमुख **सिगारवेलर** ने इस अवसर को मनाने के लिये दो बैठकों का आयोजन किया। इनमें से एक ट्रिप्लिकेन बीच पर आयोजित की गई और दूसरी मद्रास उच्च न्यायालय के सामने समुद्र तट पर आयोजित की गई।

For Notes and Video Lecture Download
*Kautilya Academy App* Google Play

- इन बैठकों में **सिंगारवेलर** ने एक प्रस्ताव पारित किया, जिसमें कहा गया था कि ब्रिटिश सरकार को भारत में मई दिवस या मज़दूर दिवस पर राष्ट्रीय अवकाश की घोषणा करनी चाहिये।
- **मज़दूर दिवस** या **मई दिवस** को भारत में **'कामगार दिन'** के रूप में भी जाना जाता है, मराठी में इसे **'कामगार दिवस'** और तमिल में **'उझिपालार नाल'** (Uzhaipalar Naal) कहा जाता है।

For Notes and Video Lecture Download
*Kautilya Academy App* Google Play

- **भारत में वर्ष 1986** का **बाल श्रम अधिनियम**, जिसके **तहत 14 वर्ष से कम उम्र** के बच्चों को नियोजित करना प्रबंधित कर दिया, बेहतर श्रम मानकों को प्राप्त करने और बच्चों के साथ होने वाले दुर्व्यवहार को समाप्त करने की दिशा में एक महत्त्वपूर्ण कदम था।
- संविधान के **अनुच्छेद 14, 19(1)(c), 21, 23, 24, 39(ए), 41, 42** और **43** समान व्यवहार, संघ बनाने का अधिकार और बंधुआ मजदूरी के निषेध जैसे श्रमिकों के अधिकारों की रक्षा की रूपरेखा तैयार करते हैं।

For Notes and Video Lecture Download
*Kautilya Academy App* Google Play

# उत्तराखंड में वनाग्नि की घटना :

- लगातार बढ़ते तापमान के साथ, **उत्तराखंड में जंगल की आग या वनाग्नि लगातार बढ़ती ही जा रही** है ।
- हाल ही में इस वनाग्नि से जुड़ी कुछ गलत तस्वीरें भी सोशल नेटवर्किंग वेबसाइट पर साझा की गई थीं, जिनका राज्य सरकार ने खंडन किया था।



- वायुसेना के हेलीकॉप्टर ने जंगल की इस आग को बुझाने के लिए **बाम्बी बकेट** की मदद ली है।

- **बाम्बी बकेट :** बाम्बी वकेट एक विशेष हवाई अग्निशमन उपकरण है। इस उपकरण से लक्षित क्षेत्रों के ऊपर से पानी डाला जाता है।



For Notes and Video Lecture Download
*Kautilya Academy App* Google Play

# वनाग्नि :

- इसे **बुश फायर/वेजिटेशन फायर** या **वनाग्नि** भी कहा जाता है, इसे किसी भी अनियंत्रित और गैर-निर्धारित दहन या प्राकृतिक स्थिति जैसे कि जंगल, घास के मैदान, क्षुपभूमि (Shrubland) अथवा टुंड्रा में पौधों/वनस्पतियों के जलने के रूप में वर्णित किया जा सकता है, जो प्राकृतिक ईंधन का उपयोग करती है तथा पर्यावरणीय स्थितियों (जैसे- हवा तथा स्थलाकृति आदि) के आधार पर इसका प्रसार होता है।
- वनाग्नि के लिये तीन कारकों की उपस्थिति आवश्यक है और वे **हैं- ईंधन, ऑक्सीजन** एवं **गर्मी** अथवा **ताप** का स्रोत।

For Notes and Video Lecture Download
Kautilya Academy App

- जंगलों में लगी आग मुख्यतः अनियोजित आग होती है जो अक्सर मानवीय गतिविधियों या आकाशीय बिजली गिरने जैसी प्राकृतिक घटना के कारण लगती है।
- सामान्यतः जंगल की आग लगने के दो प्राथमिक कारण होते हैं, **मानव जनित** और **प्राकृतिक।**



# कारण :

- **प्राकृतिक कारण**: आकाशीय बिजली गिरना, तापमान का बढ़ना एवं शुष्कता, वृक्ष की शाखाओं की रगड़ से उत्पन्न घर्षण आदि।
- **मानव जनित कारण:** सिगरेट से निकली चिंगारी, लापरवाही से जंगल के पास के खेतों में आग लगाना आदि।

For Notes and Video Lecture Download
*Kautilya Academy App* Google Play

# वनाग्नि के प्रभाव :

- वनाग्नि पर **राष्ट्रीय कार्य योजना, 2018** जारी की गई है।
- वनाग्नि पर सूचना के एकल स्रोत के लिए **भारतीय वन सर्वेक्षण (FSI)** ने वनाग्नि **जियो-पोर्टल** लॉन्च किया है।
- **वन्यजीव (संरक्षण) अधिनियम, 1972** वन्यजीव अभयारण्यों में आग लगाने पर रोक लगाता है।

For Notes and Video Lecture Download
*Kautilya Academy App* Google Play

# नवरत्न का दर्जा :

- हाल ही में **भारतीय नवीकरणीय ऊर्जा विकास एजेंसी** (Indian Renewable Energy Development Agency- IREDA) को सार्वजनिक उद्यम विभाग द्वारा 'नवरत्न' का दर्जा दिया गया।
- **वर्ष -दर-वर्ष** आँकड़ों की तुलना करने पर, **IREDA** के शुद्ध लाभ में **32% की वृद्धि** देखी गई, जबकि **तिमाही-दर-तिमाही यह ₹337 करोड़** पर लगातार बना रहा।



- IREDA नवीन और नवीकरणीय ऊर्जा मंत्रालय के प्रशासनिक नियंत्रण में कार्य करता है। इसकी **स्थापना 1987** में एक गैर-बैंकिंग वित्तीय संस्थान के रूप में की गई थी।
- एक **'नवरत्न'** कंपनी सरकार से बिना मंजूरी के **1,000 करोड़ रुपये** तक का निवेश कर सकती है।



# नवरत्न का दर्जा के मापदंड :

- **CPSEs** जो मिनीरत्न-। और **अनुसूची 'A'** में हैं;
- पिछले 5 में से 3 वर्षों में **'उत्कृष्ट'** या 'बहुत अच्छी **'रेटिंग** प्राप्त की हो; तथा
- छह प्रदर्शन संकेतकों में **कुल स्कोर 60 या उससे अधिक** का हो। इन प्रदर्शन संकेतकों में निवल लाभ, नेटवर्थ, सेवाओं की लागत, प्रति शेयर आय (EPS) आदि शामिल हैं।

For Notes and Video Lecture Download
Kautilya Academy App Google Play

# 'टाम जा' ब्लू होल :

- हाल ही में शोधकर्ताओं ने लैटिन **अमेरिकी देश मैक्सिको** में दुनिया का सबसे गहरा **ब्लू होल टाम जा ब्लू होल** (टीजेबीएच) खोजा है।



For Notes and Video Lecture Download
*Kautilya Academy App* Google Play

# 'टाम जा' ब्लू होल :

- **टाम जा' ब्लू होल** मेक्सिको के चेतुमल खाड़ी में स्थित एक पानी के नीचे का सिंकहोल है और यह दुनिया का दूसरा सबसे गहरा ज्ञात ब्लू होल है।
- यह **समुद्र तल से कम से कम 1,380 फीट (420 मीटर) की गहराई** तक गिरता है, और पिछले रिकॉर्ड धारक, **दक्षिण चीन सागर में ड्रैगन होल** को भी पीछे छोड़ देता है।
- ब्लू होल घुलनशील आधारशिला के ढहने से बनी भूवैज्ञानिक संरचनाएं हैं, जो पानी से भरी ऊर्ध्वाधर गुफाओं का निर्माण करती हैं।

For Notes and Video Lecture Download
Kautilya Academy App

- इसे **पहली बार 2021** में खोजा गया था और हाल के मापों से इसकी वास्तविक गहराई और आयाम का पता चला है।
- **टाम जा' ब्लू होल** के विशाल विस्तार से पता चलता है कि यह पनडुब्बी गुफाओं और सुरंगों के नेटवर्क से जुड़ा हो सकता है, जो अज्ञात हैं।
- अन्य **ब्लू होल** की तरह, **टाम जा' ब्लू होल** जैव विविधता के लिए एक हॉटस्पॉट है, जो मूंगे, समुद्री कछुए और शार्क सहित समुद्री जीवन की एक विविध श्रृंखला की मेजबानी करता है।

For Notes and Video Lecture Download
*Kautilya Academy App* GET IT ON Google Play


M
C
Q
QUESTIONS

**1. हाल ही मे इंडियन वैक्सीन मैन्युफैक्चरर्स एसोसिएशन (IVMA) के अध्यक्ष कौन बने है?**

(A) डॉ. कृष्णा एम एल्ला
(B) सुशील शर्मा
(C) संजय सिंह
(D) शेफाली शरण

**Ans;-डॉ. कृष्णा एम एल्ला**

For Notes and Video Lecture Download
*Kautilya Academy App* Google Play

**2. कैम्ब्रिज समर्पित शिक्षक पुरस्कार 2024 किसे प्राप्त हुआ है?**

(A) जोया अख्तर
(B) यतिन भास्कर दुग्गल
(C) जीना जस्टस
(D) श्रीनिवासन स्वामी

**Ans;-जीना जस्टस**

कौटिल्य एकेडमी

For Notes and Video Lecture Download
*Kautilya Academy App* Google Play

**3. भारतीय उष्णकटिबंधीय मौसम विज्ञान संस्थान (IITM) के एक अध्ययन के अनुसार 1950 से 2020 के बीच हिंद महासागर कितना गर्म हो गया है?**

(A) 1 डिग्री सेल्सियस
(B) 1.2 डिग्री सेल्सियस
(C) 1.5 डिग्री सेल्सियस
(D) 2.2 डिग्री सेल्सियस

कौटिल्य एकेडमी

**Ans;-1.2 डिग्री सेल्सियस**

For Notes and Video Lecture Download
*Kautilya Academy App* Google Play

**4. प्रतिभूति अपीलीय न्यायाधिकरण के पीठासीन अधिकारी के रूप में किसने कार्यभार संभाला है?**

(A) सुनील कुमार
(B) दिनेश कुमार
(C) विनोद कुमार
(D) नरसिंह यादव

**Ans;-दिनेश कुमार**

For Notes and Video Lecture Download
*Kautilya Academy App* Google Play

5. हाल ही में उत्तराखंड सरकार ने पतंजलि के कितने प्रोडक्ट को बैन कर दिया है?

(A) 10
(B) 12
(C) 14
(D) 16

Ans;-14

कौटिल्य एकेडमी

For Notes and Video Lecture Download
Kautilya Academy App Google Play

**6. हाल ही में किस राज्य ने नीलगिरि तहर का सर्वेक्षण शुरू किया है?**

(A) केरल (B) कर्नाटक

(C) तमिलनाडु (D) आंध्र प्रदेश

**Ans;-तमिलनाडु**

For Notes and Video Lecture Download
*Kautilya Academy App* Google Play

7. **गोल्डमैन पर्यावरण पुरस्कार 2024 किस भारतीय को प्राप्त हुआ है?**

(A) अलेक्सी नवलनी

(B) विनीत जैन

(C) आलोक शुक्ला

(D) पवन कुमार

कौटिल्य एकेडमी

**Ans;-आलोक शुक्ला**

For Notes and Video Lecture Download
*Kautilya Academy App* Google Play

# Thank you!

For Notes and Video Lecture Download
*Kautilya Academy App*